卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 153 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦12 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बारात से लौट रहे दो युवकों की हादसे में मौत, चार घायल

### यूपी के साहबाद में ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी कार, रूद्रपुर के रम्पुरा से साहबाद गई थी बारात,मातम में बदली शादी की खुशियां

रूद्रपुर/शाहबाद(उद संवाददाता)। रूद्रपुर से बंदायू गई एक बारात में शामिल युवकों की कार शाहबाद के पास ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गयी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार रम्पुरा के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि चार घायल हो गये। घायलों को रूद्रपुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है वहीं शादी की खुशियां भी मातम में बदल गयी है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा निवासी प्रेम कोली पुत्र देशराज कोली की बारात सोमवार शाम यूपी के जिला बंदायू में ग्राम दौलतपुर के लिए रवाना हुई थी। जिसमें बाराती अलग- अलग वाहनों से रवाना हुए थे। बारात को सुबह वापस लौटना था। लेकिन रम्पुरा के छह युवक बारात में शामिल होने के बाद आई टैन कार संख्या यूके 06एल 5715 में सवार होकर रात को ही रूद्रपुर के लिए वापस चल दिये। शाहबाद के पास हाईवे पर युवकों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गयी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार रम्पुरा निवासी 35 वर्षय पप्पू कोली पुत्र भगवान स्वरूप एवं 30 वर्षीय रवि कोली पुत्र जागन कोली की मौके (शेष पृष्ठ सात पर)









## पिकप खाई में गिरने से एक की मौत,सात घायल

भीमताल(उद संवाददाता)। धारी ब्लॉक अंतर्गत पलड़ा में एक पिकअप वाहन खाई में गिरने से युवक की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। गंभीर चार घायलों को हल्द्वानी एसटीएच भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक पिकअप में सवार लोग हल्द्वानी से शादी का सामान लेकर हरीनगर सरना जा रहे थे। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम पिकअप हल्द्वानी से हरीनगर सरना जा रहा था। रात करीब आठ बजे पिकअप गांव से एक किलोमीटर पहले पलड़ा पहुंची थी कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर (शेष पृष्ठ सात पर)



## एम्बुलेंस से भिड़ा बेकाबू ट्रक, मां बेटे की मौत

### एम्बुलेंस चालक और दो भाई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि दून से महिला मरीज को लेकर नवाबगंज जा रही एम्बुलेंस को निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार महिला मरीज व उसके पुत्र की मौत हो गई जबकि एम्बुलेंस चालक सहित मृतका के जेठ के दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये । जिन्हें उपचार के लिए भोजीपुरा स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लिया। जबकि उसके पुत्र का शव भोजीपुरा चिकित्सालय में है। जानकारी के अनुसार ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला थाना नवाबगंज बरेली निवासी 42 वर्षीय मधुलता पत्नी दिनेश अल्मोड़ा के एक विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्य करती थीं। करीब 15 दिन पूर्व उनका ग्राम जैती जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उनका देहरादून के एक चिकित्सालय में उपचार किया गया। बताया जाता है कि गत दिवस शिक्षिका मधुलता को लेकर उसका 12 वर्षीय पुत्र देवांश जेठ हरीश के दो पुत्र विकास तथा मोहित एम्बुलेंस से वापस नवाबगंज की ओर रवाना हुए। एम्बुलेंस जब यहां मध्य रात्रि निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर के पास पहुंची तो ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार सभी लोगों को गंभीर चोटें आ गईं। गंभीर रूप उसे घायल मधुलता को जिला चिकित्सालय लें जाया गया । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायल एम्बुलेंस चालक प्रदीप तथा देवांश, विकास व मोहित को गंभीर अवस्था (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में युवक की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को रम्पुरा निवासी 26 वर्षीय शिवम चंद्रा पुत्र नरेश कुमार की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल से सूचना पुलिस को भेजी गई। इस पर रम्पुरा चौकी से एसआई विकास कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तरांचल दर्पण के नियमित प्रकाशन पर निशंक ने जताया हर्ष

### मुख्यमंत्री और काबीना मंत्री रहते निशंक ने किया था उत्तरांचल दर्पण का विमोचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस रूद्रपुर पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवे हरिद्वार से सांसद डा0 रमेश पोखरियाल निंशक ने उत्तरांचल दर्पण के नियमित रूप से हो रहे प्रकाशन पर दर्पण परिवार को बधाई देते हुये खुशी जाहिर की। श्री निशंक ने कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद उत्तराचंल दर्पण का नियमित रूप से प्रकाशन होना उन्हे काफी खुशी देने वाला है। विदित हो कि गत दिवस प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवे हरिद्वार से सांसद डा0 रमेश पोखरियाल निंशक पत्रकार वार्ता के साथ व्यापारियों और अधिवक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम के लिये रूद्रपुर के दौरे पर थे। कार्यक्रम के पश्चात श्री निशंक के हाथों में जब उनके कार्यक्रमों की पूरी कवरेज के साथ उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र पहुंचा,तो एकाएक काफी प्रसन्न हो गये और समाचार पत्र के साथ जुड़े पुराने पलो को याद करने लगे। यहां आपको बता दे कि 27 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में काबीना मंत्री रहते श्री निशंक द्वारा रूद्रपुर में सान्ध्य दैनिक समाचार पत्र के रूप में दर्पण का विमोचन किया गया था। उसके बाद वर्ष 2009 में मुख्यमंत्री रहते श्री निशंक ने ही उत्तरांचल दर्पण (शेष पृष्ठ सात पर)





## चोरों ने बिजली घर में बोला धावा

### नगदी नहीं मिली तो कार्यालय में की तोड़फोड़

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बीती रात चोरों ने नवोदय बिजलीघर में स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय का ताला तोड़ लिया और दफ्तर में रखी अलमारी को तोड़कर खंगाला। अलमारी में कैश न मिलने पर चोरों ने तोड़फोड़ कर डाली। अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। सीसीटीवी में तीन चार चोर कैद हुए हैं, लेकिन रात का वक्त होने के कारण उनके चेहरे धुंधले नजर आ रहे हैं। बीती रात तीन चार लोगों ने बिजलीघर के ऊपरी मंजिल पर स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय का ताला तोड़कर दफ्तर की अलमारी को तोड़कर खंगाला। माना जा रहा है कि चोरों को यह उम्मीद थी कि मार्च के महीने में अलमारी में नकदी होगी। अलमारी में नकदी नहीं मिलने पर चोरों ने तोड़फोड़ की। अधिशासी अभियंता कार्की ने बताया कि चोरों ने ट्रांसफर में भी तोड़फोड़ की। सीसीटीवी में तीन चार लोग कैद हुए हैं। उन्होंने बताया कि दफ्तर से चोरी कुछ नहीं हुआ है। सुबह दफ्तर खुलने पर घटना का पता लगा तो पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की।

रस्म पगड़ी



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती वीना गाँधी** का स्वर्गवास दिनांक 01 मार्च 2024 को हो गया है जिनकी **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 13 मार्च दिन बुधवार** को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर) रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

प्रभुदयाल गाँधी (पति)
लाजवंती गाँधी (भाभी)
चन्दर गाँधी - पूनम (पुत्र-पुत्रवधु)
अशोक गाँधी-रितु (भतीजा-बहु)
जितेन्द्र गाँधी - नैना (भतीजा-बहु)
राजीव गाँधी - ज्योति (भतीजा-बहु)
मिलाप कालरा (भाई)
सुभाष कालरा (भाई)
अनिल कालरा (भाई)
जगन ढींगरा-विनोद (दामाद-भतीजी)
वंशिका-अनुशिका (पौत्री)
अर्जुन (पौत्र) कृष्णा (नाती)

प्रतिष्ठान - फैशन टर्मिनल (लीवरपूल),रुद्रपुर, 9837520448, 9917170189

## ऑपरेशन के बाद अस्पताल में महिला की मौत

### परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई। जिससे भड़के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। डॉक्टर ने हार्ट अटैक से महिला की मौत होने की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार लालकुआं के ग्राम हल्दूचौड़ निवासी समीर ने 39 वर्षीय पत्नी पूनम को सिडकुल रोड स्थित निजी अस्पताल में पथरी (शेष पृष्ठ सात पर)



### अस्पताल पर आरोप निराधार: डा. पाण्डे

सितारगंज। महिला की मौत को लेकर प्रयास अस्पताल के डाक्टर अतुल पांडे ने कहा कि अस्पताल प्रशासन पर लगाए गए समस्त आरोप निराधार हैं। ऑपरेशन होने के बाद महिला को हार्ट की प्रॉब्लम हुई थी। जिसके बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## मासूम पुत्र सहित महिला हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सिडकुल में कार्य करने वाले व्यक्ति की गैर मौजूदगी में उसकी पत्नी घर में पुत्री को छोड़ पुत्र सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। दुर्गा विहार तीन पानी डाम निवासी व्यक्ति का कहना है कि वह अपनी पत्नी, 6 वर्षीय पुत्री व 3 वर्षीय पुत्र के साथ किराये पर रहकर सिडकुल स्थित एक कंपनी में मजदूरी करता है। 11 मार्च को सुबह वह ड्यूटी के लिए घर से (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति को मंजूरी मिली

## आदि कैलाश, गुंजी आदि क्षेत्रों में हेली दर्शन योजना शुरू होगी गढ़ी नेगी क्षेत्र काशीपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने को मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जनहित में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अटल आयुष्मान योजना में डायलिसिस सेंटर में 100 प्रतिशत चिकित्सा प्रतिपूर्ति को मंजूरी प्रदान की गई है। उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति को लागू करने को मंजूरी मिली। यह नीति 31 दिसंबर 2030 तक लागू रहेगी। उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए यूआईडीबी के माध्यम से क्रियान्वयन होगा। पर्यटन विभाग के अंतर्गत राजकीय होटल मैनेजमेंट संस्थान देहरादून एवं अल्मोड़ा के लिए नियमावली लागू करने को मंजूरी मिली। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत गढ़ी नेगी क्षेत्र काशीपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने को मंजूरी दी गई। पुरोला कालाढूंगी को नगर पालिका बनाए जाने के लिए निर्णय लेने हेतु कैबिनेट द्वारा मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएचडी करने वाले 100 मेधावी छात्रों को प्रतिमाह 5000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने को मंजूरी मिली। शिक्षा



विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक की भर्ती के लिए बीएड की योग्यता को खत्म करने को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के अंतर्गत पिथौरागढ़ के आदि कैलाश, गुंजी आदि क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत 5 दिवसीय हेली दर्शन योजना 6 माह के लिए संचालित करने को मंजूरी दी गई। कौशल विकास विभाग के अंतर्गत 630 करोड़ रुपए के वर्क फोर्स प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया। कैंसर चिकित्सालय, हर्रावाला 300 बेड व मातृ शिशु चिकित्सा संस्थान 200 बेड के संचालन को पीपीपी के माध्यम से संचालित करने को मंजूरी मिली। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना के लिए पुनर्स्थापन नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अंतर्गत मजदूरी दर संशोधित की गई। राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत समूह ग एवं ख के कार्मिकों/अधिकारियों को राज्य के अंदर हवाई सेवा सुविधा प्रदान किए जाने का निर्णय हुआ। संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक इस योजना के तहत शासकीय यात्रा के साथ एलटीसी में भी इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।

# राज्य में बढ़ाये मतदान प्रतिशत

## सीईसी ने राजनीतिक दलों को दी स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के लिए व्यय के प्रावधानों की जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आज सचिवालय में लोकसभा के आगामी सामान्य निर्वाचन हेतु प्रदेश के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने हेतु अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के नामांकन, घोषणा पत्र एवं आचार संहिता के दौरान आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से उनके स्टार प्रचारकों की रैलियों, रोड शो एवं अन्य आयोजनों के लिए व्यय के प्रावधान संबंधी जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जनता को अधिक से अधिक



प्रेरित करने की अपील भी की। सीईओ ने सभी राजनैतिक दलों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक दल को किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में अथवा किसी प्रकार की कठिनाई के समाधान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से सक्षम अधिकारी स्तर से तत्परता के साथ सहयोग किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से यह भी अपील की है कि प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने की दिशा में सहयोग करते हुए चुनाव प्रचार सामग्री में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री मस्तू दास, श्री प्रताप शाह, मनमोहन मैनाली सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी

## सीएम धामी ने किया स्वागत,भाजपा सरकार ने एक और वादा पूरा कर दिखाया

देहरादून। देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को



लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इस पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम मोदी के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा– मोदी है तो मुमकिन है...वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सीएए लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। सभी नेताओं ने अपने अलग–अलग बयानों में कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर चलने वाली भाजपा सरकार ने जनता से किया एक और वादा पूरा कर दिखाया। धार्मिक रूप से प्रताड़ित पड़ोसी देशों के लोगों को शरण देना सांविधानिक रूप से वैध और हमारी अथिति देवो भव: परंपरा का हिस्सा है । सीएम ने धामी ने एक्स पर मोदी है तो मुमकिन है शीर्षक से पोस्ट लिखी। कहा, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा व सम्मान देने के के साथ केंद्र सरकार ने देश में सीएए लागू करने का निर्णय लिया है। यह ऐतिहासिक निर्णय है। प्रधानमंत्री का यह कदम राष्ट्रहित में उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को जाहिर करता है। हमें पूरा विश्वास है कि पीएम के तीसरे कार्यकाल में इसी प्राकर देश को सशक्त करने वाले निर्णय लिए जाते रहेंगे। भट्ट ने कहा कि भारत इस कानून के आधार पर 3 पड़ोसी देशों अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश, से धार्मिक आधार पर प्रताडिघ्त होने वालों को शरण दी जाएगी। इसके तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण मांगने वालों को नागरिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नागरिकता संशोधन कानून के बारे में कई गलतफहमियां फैलाई गईं कि यह नागरिकता देने का कानून है। लिहाजा इसके लागू होने से किसी भी भारतीय नागरिक के नागरिकता नहीं जाने वाली है। चाहे वह किसी भी धर्म का हो। यह कानून केवल उन लोगों के लिए है जिन्हें वर्षों से उत्पीड़न सहना पड़ा और जिनके पास दुनिया में भारत के अलावा और कोई जगह नहीं है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि कानून होना इस बात का प्रमाण है कि देश में सिर्फ एक ही गारंटी चल रही है वह है मोदी की गारंटी। उधर, सीएए की अधिसूचना जारी होते ही सोशल मीडिया पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट ट्रेंड करने लगा। यह ट्रेंडिंग में टॉप थ्री में ही रहा।

# पूर्व वन मंत्री हरक सिंह ने लिखा पत्र,नहीं कटवाई एक भी टहनी!

देहरादून। उत्तराखंड के पाखरो टाईगर सफारी में वन अधिकारियों और नेताओं की मिलीभगत से अवैध रूप से हजारों पेड़ों के कटान को लेकर चल रही ईडी और सीबीआई जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बीच अब प्रदेश के पूर्व वन मंत्री डा.हरक सिंह रावत ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीन को पत्र लिखकर कहा है कि पाखरो टाईगर सफारी में छह हजार पेड तो दूर एक टहनी कटवाना भी साबित हुआ तो कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। सोशल मीडिया में सार्वजनिक किये जा रहे एक पत्र में पूर्व वन मंत्री ने कहा है कि इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने उस समय टिप्पणी की है जब लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिससे प्रदेश और देश में उनकी छवि खराब हुई है। जिसकी भरपाई शायद ईडी, सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, वह चाहते हैं कि इस प्रकरण की जल्द निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस मामले में जिस एजेंसी ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में गलत रिपोर्ट दी है उन्हें भी जांच के दायरे में लाया जाए। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें उड़ीसा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में समन्वय बनाने के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से उड़ीसा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती के आदेश जारी किए। जिसमें मीनाक्षी नटराजन, हरक सिंह रावत और परगट सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया। बता दें कि हरक सिंह पोखरो सफारी मामले में ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। पिछले माह ही ईडी ने हरक सिंह रावत के आवास छापा मारा था।

# हरिद्वार ,पौड़ी और अल्मोड़ा सीट पर फाईनल किए उम्मीदवार

## केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर सोनिया गांधी, खड़गे सहित कांग्रेस नेताओं ने किया मंथन, दावेदारों की रेस में नये चेहरे भी शामिल, 15 मार्च को फिर बुलाई गई बैठक




देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के लिए नजरें अब केंद्रीय नेतृत्व पर टिक गई हैं। नई दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार को राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की उपस्थिति में एआईसीसी में आयोजित उत्तराखंड राज्य की सीईसी की बैठक हुई। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास,उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य , प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा,सीईसी सदस्य प्रीतम सिंह, दीपिका पांडे व वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। बैठक में प्रदेश की सभी सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन मंत्रणा हुई। बताया जा रहा है कि गढ़वाल और अल्मोड़ा सीटों पर प्रत्याशियों का चयन कर लिया गया है। गढ़वाल सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा पर पार्टी दांव खेल सकती है। शेष तीन सीटों पर भी प्रत्याशियों को लेकर सहमति बनी है, लेकिन इन पर प्रत्याशी घोषित करने में अभी समय लग सकता है। नई दिल्ली में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में सोमवार दोपहर बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य प्रीतम सिंह के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रदेश प्रभारी कुमार सैलजा भी उपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार दो सीटों पर प्रत्याशियों पर सहमति बन चुकी है। इनमें गढ़वाल सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा सीट से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। गोदियाल और टम्टा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबियों में सम्मिलित हैं। प्रदेश की शेष तीन सीटों ऊधमसिंहनगर– नैनीताल, हरिद्वार और टिहरी पर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया गया। सूत्रों के अनुसार ऊधमसिंहनगर–नैनीताल सीट पर विधायक तिलकराज बेहड़, भुवन कापड़ी, पूर्व विधायक रणजीत रावत और पूर्व सांसद महेंद्रपाल पर विचार किया गया। विधायक तिलकराज बेहड़ भी संभावित प्रत्याशियों की दौड़ में तेजी से आगे आए हैं। हरिद्वार सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का टिकट लगभग पक्का माना जा रहा है। टिहरी सीट पर उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण की दावेदारी पर विचार किया गया।

# देर रात तक चली सीईसी की बैठक, फैसला फिर अटका

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में भाजपा से मुकामे में लगातार कांग्रेस पिछड़ती हुई दिख रही है। भाजपा ने अपने तीन भारी भरकम उम्मीदवारों को सीयासी रण में उतारने के बाद चुनावी प्रचार अभियान की धार तेज कर दी है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के उम्मीदवारों का ऐलान एक बार फिर टल गया है। जिससे उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं का इंतजार और बढ़ गया है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में उत्तराखंड की पांच सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला नहीं हो पाया है। सोमवार को नई दिल्ली में देर रात तक केंद्रीय चुनाव समिति में प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा हुई। सभी सीटों पर प्रत्याशियों का फैसला अटका हुआ है। 15 मार्च को दोबारा से सीईसी की बैठक बुलाई गई है। माना जा रहा था कि सीईसी की बैठक में हरिद्वार, गढ़वाल, टिहरी, अल्मोड़ा व नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। लेकिन प्रत्याशियों के नामों पर निर्णय नहीं हो पाया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक उत्तराखंड समेत गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली की लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की गई। लेकिन प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई। 15 मार्च को फिर से सीईसी की बैठक होगी। जिसमें प्रत्याशियों की घोषणा हो सकती है। उधर टिकट के दावेदारों ने भी दिल्ली में डेरा डाल रखा है। दावेदार शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर टिकट की पैरवी कर रहे हैं।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# संदेशखाली मामले को लेकर राष्ट्रपति को भेजा जनाक्रोश पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में मातृशक्ति के साथ हुए उत्पीड़न एवं अत्याचार पर एकल अभियान संस्था ने आक्रोश व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को जनाक्रोश पत्र प्रेषित कर सख्त कार्यवाही की मांग की। पत्र में कहा गया कि विगत दिनों संदेशखाली पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न एवं अत्याचार से समस्त भारतीय जनमानस



व्यथित व आक्रोशित है। यह स्थिति और ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है कि वहां की वर्तमान सरकार इन अपराधियों को राजनैतिक संरक्षण भी देती प्रतीत हो रही है। ग्राम स्वराज योजना एकल अभियान उत्तराखंड सम्पूर्ण देश के आक्रोशित व व्यथित जनमानस की ओर से इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निन्दा व भर्त्सना करता है। पत्र में राष्ट्रपति से दुराचारियों के घृणित कृत्य की निष्पक्ष जांच कराकर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की गयी। साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार इस मामले को गम्भीरता से नहीं लेती है तो राज्य सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए ताकि दलित पीड़ित एवं व्यथित जनों को सुरक्षा-संरक्षण के साथ साथ वहां की मातृशक्ति को गरिमामयी जीवन जीने का अधिकार मिल सके। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, अरविंद कनौजिया, विनय बत्रा, भास्कर दास, पूजा शर्मा, शिवानी शर्मा, राज कोली,शिवकुमार सिंबू, अमित गोड, दर्शन कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों को दिये व्यक्तित्व विकास के टिप्स

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रेड रोज पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस मे नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला व पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। शिविर मे राष्ट्रीय



सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी डॉ अर्चना वर्मा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। शिविर कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में सुश्री तनीशा चावला ने राजकीय महाविद्यालय की सभी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास,महत्व एवं उद्देश्य से अवगत कराते हुये कहा कि एनएसएस की स्थापना 24 सितंबर 1969 मे तत्कालीन शिक्षा मंत्री डॉ राव द्वारा 37 विश्वविद्यालय, 40000 छात्र-छात्राओं के साथ की गई। साथ ही सभी स्वयंसेवियों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया।मुस्कान चावला ने व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार रखते हुवे उपस्थित स्वयंसेवियों को कहा कि आत्मविश्वास व्यक्तित्व विकास की कुंजी है और खुद को लगातार शिक्षित करने और नई चीजों को आजमाने से आप सीखेंगे कि आप बदलाव करने के लिए और विकास के लिए सक्षम है।प्रश्नोत्तरी के दौरान सभी स्वयंसेवियों ने व्यक्तित्व विकास पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों में काफी उत्साह रहा।

# नि:शुल्क कैंप में दर्जनों लोगों ने कराई आंखों की जांच

किच्छा (उद संवाददाता)। देवभूमि फाउंडेशन एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश राठौर द्वारा वार्ड नंबर 16 में आंखों का जांच कैंप लगाया गया जिसमें दर्जनों लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच करवाई जिसमें 20 से ज्यादा लोगों की आंखों



में मोतियाबिंद पाया गया। कैंप के माध्यम से उन लोगों को इलाज किया जा रहा हैं जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। कैंप में नंदकिशोर राठौर, भीमसेन बिंद, विशाल चौहान, केशव सिंह, सुरेश मौर्य, दिलजीत सिंह, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध हालातों में एक महिला लापता हो गयी। परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी है। टीवीएस कालोनी निवासी



चन्द्रवती पत्नी स्व. देवी प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उसकी 55 वर्षीय पुत्री रजनी मानसिक रूप से कमजोर है। 9 मार्च को वह बिना बताये घर से कहीं चल गयी। उसके बाद वापस नहीं लोटी। सभी संभावित स्थानों पर रजनी की खोजबीन की गयी लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। चन्द्रवती ने पुलिस से रजनी का पता लगाये जाने की गुहार लगायी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# मतदान के लिए किया जागरूक

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नं 2 में लोकसभा चुनाव के मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें स्थानीय लोगों ने हस्ताक्षर भी किया इसके साथ ही सभी वार्डों में मतदान को लेकर शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ई ओ आशीष नेगी, प्रेम सागर, प्रकाश चंद आर्य, विनोद सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, मुकेश सिंह, विकास कुमार, राजेश कुमार, अजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



# अनुराग जिलाध्यक्ष और महेन्द्र जिला सचिव बने

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय स्थित रक्त केन्द्र में उत्तराखण्ड मेडिकल एण्ड पब्लिक हैल्थ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जनपद उधम सिंह नगर के जिला मंत्री रमेश चन्द्र जोशी की उपस्थिति में आयोजित एक बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अनुराग मेहरा, जिला उपाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, जिला सचिव महेन्द्र चौधरी, कोषाध्यक्ष केसी श्रीवास्तव, मुख्य संरक्षक जितेन्द्र सिंह, मुख्य सलाहकार सुरेन्द्र गुप्ता, प्रवक्ता प्रवीन माथुर निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रमेश चन्द्र जोशी ने शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी गयी।

# माहे रजमान में खुल जाते है, रहमत और बरकत के सारे दरवाजे

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा के अध्यक्ष और प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामंत्री दानिश



इकबाल ने देश के समस्त नागरिकों को बरकत और रहमत के अजीम माह माहे रमजान की दिली मुबारकबाद दी है। युवा नेता और समाजसेवी दानिश इकबाल ने कहा की माहे रमजान बहुत बरकतों का महीना है रमजान में सिर्फ खाने का ही रोजा नहीं होता है बल्कि हर चीज पर पाबंदी होती है। रमजान में शैतान को कैद कर दिया जाता है सब लोग मिलकर सहरी और इफ्तार का इंतजाम करते हैं। रमजान शरीफ में स्पेशल नमाज तरावीह पढ़ी जाती है माहे रमजान में अल्लाह पाक रहमत और बरकत के सारे दरवाजे खोल देता है। दानिश इकबाल ने सभी भाइयों से शांति अमन और मुहब्बत के साथ रोजे रखने और इबादत करने की गुजारिश की और मुल्क की तरक्की और शांति के लिए के दुआ की अपील की है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# पनेरू ने मजदूरी का भुगतान नहीं करने पर दूर संचार महाप्रबंधक कार्यालय पर दिया धरना

किच्छा (उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू के नेतृत्व में दूर संचार महाप्रबंधक कार्यालय हल्द्वानी में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें दूरस्थ क्षेत्रों में लगे टावरों को चालू करने एवं टावरों को लगाने में काम कर रहे मजदूरों की मजदूरी दिलाने की माँग की गई। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू ने कहा कि दूरसंचार विभाग एवं भाजपा की केंद्र सरकार ने टावर लगाने के नाम पर पिछड़े क्षेत्र की जनता के साथ धोखा किया है क्योंकि पिछले सात सालों से भाजपा के विधायक एवं सांसद घूम-घूमकर कहते थक नहीं रहे थे कि हम टावर लगवा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले टावरों में अधिकतर क्षेत्रों में स्थानीय लोगों ने मजदूरी पर काम इसलिए किया कि क्षेत्र में टावर लग रहा है इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हम हाथ बटाकर काम पूरा करवा दें जिसका लाभ हमे नेटवर्क के रूप में मिलेगा लेकिन बड़े दुख की बात है कि ग्रामीण मजदूरों कि बीएसएनएल विभाग के ठेकेदारों ने ग्रामीणों के कई लाखों रुपए सिर्फ भीमताल विधानसभा के ही शेष हैं जिसको लेकर समय समय पर दूरसंचार विभाग संबंधित ठेकेदार को अवगत कराने के बाद भी एक साल बीत जाने के बाद ना ही टावर चालू हो पाए और ना ही मजदूरों की मजदूरी मिल पाई। धरनास्थल पर दूरसंचार विभाग के एजीएम एल एम तिवारी टीम सहित धरनारत मजदूरों से बातचीत करने पहुँचे जिस पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित ग्रामीण मजदूर ज्यादातर एस सी समुदाय के है इसलिए उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। ठेकेदार उनके साथ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल करते हैं। एजीएम ने दूरसंचार विभाग के उच्च अधिकारियों से दिल्ली में वार्ता कर तीन दिन में मजदूरों का भुगतान करने एवं टावरों को चालू कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ईश्वरी राम, भीम राम, पनी राम, प्रकाश चंद, पूरन पनेरू, हरीश मटियाली, सुरेश चंद, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।



# किसानों को दिया बसंत कालीन गन्ना बुवाई करने का प्रशिक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के अन्तर्गत ग्राम गिद्धपुरी में कृषक नरेन्द्र कुमार के खेत में गन्ना बुवाई करते हुए किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया द्वारा किसानों को गन्ने की बुवाई के बारे में बताया कि गन्ने की बुवाई से पूर्व गन्ना बीज का उपचार होने के उपरान्त गन्ने की आंख ऊपर की तरफ हो, जिससे गन्ने का जमाव जल्दी एवं अच्छा हो। उन्होंने किसानों से गन्ना बुवाई का कार्य करवाया गया, जिसके अन्तर्गत गन्ना शोध केन्द्र,लखनऊ से मंगवाये गये को०शा0 17231 गन्ना बीज किसानों को दिया गया यह बीज मिल द्वारा उपलब्ध कराया गया है।किसानों को यह भी सलाह दी गयी, कि जिन गन्ना प्रजातियों का बीज कम मात्रा में उपलब्ध हो पाया है, उस गन्ने को एक आंख टुकड़ा काट कर बोया जाये, ताकि कम बीज में अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई हो सके।अधिशासी निदेशक द्वारा कृषकों से यह





अनुरोध भी किया गया, कि वर्तमान में किच्छा चीनी मिल में गन्ना बीज शोधन संयत्र उपलब्ध है, सभी गन्ना बीज के शोधन के उपरान्त ही गन्ने की बुवाई करायें, जिससे गन्ने में बीमारी इत्यादि न लगे एवं पैदावार भी अच्छा हो।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### सड़क हादसों का ग्राफ

देवभूमि में सड़क हादसों का ग्राफ कम होने का नाम नही ले रहा है। मैदानी क्षेत्रों में आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मौत हो रही है तो वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में मानव या तकनीकी कारणों से वाहनों के गहरी खाई में गिरने की हो रही दुर्घटनाओं से भी कई लोग अपनी जान गवां रहे हैं । सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रदेश में समय समय पर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाती है। जिसके तहत लोगों को वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह अभियान पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा है। बावजूद इसके सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में हुई अनेक सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालक द्वारा नशे का सेवन कर वाहन चलाना पाया गया। जो गंभीर चिंता का विषय है। विडंबना यह है कि जब कोई गंभीर हादसा हो जाता है तब आनन-फानन में मुआवजे की बात होने लगती है, मगर उसके लिए जिम्मेदारी तय करने को लेकर उतनी सजगता नहीं देखी जाती। वाहनों में तकनीकी खराबी एक अचानक उपजी स्थिति हो सकती है, लेकिन उसे समय पर दुरुस्त करने को लेकर थोड़ी भी कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं चलते वाहन में आई तकनीकी खराबी हादसे की वजह बनती है। हांलाकि सरकार के निर्देश पर परिवहन विभाग के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा मुख्य मार्गों पर यातायात निरीक्षण अभियान चलाकर वाहन चालकों का एल्कोमीटर से जांच का कार्य भी शुरू किया गया परंतु यह कार्य चंद दिनों के चलने के बाद धीमा पड़ गया। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में सभी वाहन चालकों की जांच के कार्य में बरते जाने वाली किसी भी लापरवाही का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों की सड़को का दुरूस्त होना भी आवश्यक है। अनेक बार ऐसा देखने को मिलता है कि संकरे एवं तीव्र मोड़ वाले स्थानों पर दुर्घटनायें घटित होने की संभावनायें ज्यादा होती हैं। इसलिए सरकार को ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां प्राथमिकता से मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण करना होगा। वहीं मैदानी क्षेत्रों में वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। क्योंकि मैदानी क्षेत्रों में अधिकांश सड़क दुर्घटनायें वाहनों की तेज गति के कारण ही होती हैं। यदि प्रदेश सरकार बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं के ग्राफ को कम करना चाहती है तो उसे ठोस नीति बनाकर उसे धरातल पर उतारना होगा।

# सीएम हेल्पलाइन 1905 पर सुनी शिकायतें

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905



की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सीएम हेल्पलाइन के संबंध में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन 1905 में आने वाली शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता से लें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 1905 को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर कार्य हो। उन्होंने कहा शिकायत का समाधान न होने पर संबंधित विभाग व अधिकारी उसका अनवरत रूप से फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन/ टेक्निकल समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़, समस्याओं के शीघ्र समाधान पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक स्तर पर नियमित रुप से सीएम हेल्पलाइन 1905 के संबंध में बैठक लें। शासन एवं प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। देहरादून से शिकायतकर्ता विवेक की शिकायत को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल लंबित पड़ी शिकायत के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया। अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से किए गए संवाद सम्बन्धी मैसेज अलर्ट की व्यवस्था भी शुरु हो गई है। कॉलिंग एक्जीक्यूटिव के संवाद कौशल प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही संतोषजनक रूप से बंद शिकायतों का प्रतिशत बीते एक माह में 60% से बढ़कर 61% हो गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव श्री शैलेश बगौली, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बनभूलपुरा हिंसा में एक महिला समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा मामले में पुलिस ने एक महिला सहित चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनका मेडिकल कराकर कोर्ट के आदेश में उन्हें जेल भेज दिया है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या 100 पहुंच चुकी है। इनमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस की धर-पकड़ लगातार जारी है। सोमवार को पुलिस ने बनभूलपुरा पुलिस की ओर से दर्ज मुख्य मुकदमे में इंद्रानगर निवासी नवी हुसैन और मलिक का बगीचा स्थित पानी की टंकी के पास रहने वाले जीशान उर्फ जिब्बू को गिरफ्तार किया। वहीं नगर निगम की ओर से दर्ज कराए गए मामले में पुलिस ने लाइन नंबर सात निवासी मोहम्मद समीर और नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास रहने वाली महिला आरोपी हाजरा बेगम पत्नी अब्दुल वाजिद को गिरफ्तार किया है। दोपहर को महिला सहित चारों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में आठ फरवरी को जिला प्रशासन और हल्द्वानी नगर निगम की टीम बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में स्थित मलिक का बगीचा इलाके में अवैध मदरसे व नमाज स्थल तोड़ने गई थी, जैसे ही टीम ने अवैध मदरसे को तोड़ा, वहां पर हिंसा भड़क गई और लोगों ने पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। इस दौरान 100 से अधिर पुलिसकर्मी घायल हुए थे, छह लोगों की मौत भी हो गई थी।

## पीएम ने किया रूद्रपुर बाईपास योजना का वर्चुअल शिलान्यास

देहरादून। उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश से गुजरने वाला 21 किमी. लंबा रुद्रपुर बाईपास का निर्माण 1052 करोड़ की लागत से किया जाएगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाईपास निर्माण योजना का शिलान्यास कर उतराखंड को सौगात दी है। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की द्वारका एक्सप्रेस समेत निर्माणाधीन एक लाख करोड़ से अधिक की 144 सड़क परियोजनाओं के वर्चुअल रूप से लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मौजूद रहे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। रुद्रपुर बाईपास निर्माण से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश दोनों को लाभ मिलेगा। बाईपास में 2 आरओबी, 6 छोटे पुल व फ्लाईओवर और दो रेलवे आरओबी व एक फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाएगा। रुद्रपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में से एक है। सरकार की सबसे बड़ी एकीकृत औद्योगिक एस्टेट सिडकुल में है। रुद्रपुर में 1300 से अधिक कंपनियां है। परियोजना का निर्माण कार्य 12 जनवरी, 2024 से प्रारंभ हो चुका है। इसके पूरा होने में दो वर्ष का समय लगेगा। बाईपास के बनने से रुद्रपुर शहर में यातायात का दबाव कम होगा। इस मौके पर विधायक खजान दास, सचिव लोक निर्माण पंकज कुमार पांडे मौजूद थे।

# खिलाड़ियों को मिली सरकारी नौकरी की सौगात

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने विभिन्न विभागों में चयनित खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए**

देहरादून(उदसंवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सामवार को मुख्य सेवक सदन में खेल नीति-2021 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को खेल विभाग, गृह विभाग, युवा कल्याण एवं वन विभाग में आउट ऑफ टर्न और सेवायोजन, परिवहन विभाग में 25 कनिष्ठ सहायकों व उद्यान विभाग में 28 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की, कि वे अपने दायित्व का संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आप जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आपके आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी। मुख्यमंत्री ने खेल नीति 2021 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत हमने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने का जो वादा किया था, उसे हम आज धरातल पर उतरते हुए देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार खिलााड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित कर उनका मनोबल लगातार बढ़ा रही है। उद्यान व परिवहन विभाग की तरह ही विगत महीनों में प्रतिदिन युवाओं को विभिन्न विभागों के अंतर्गत नियुक्ति पत्र देने का सिलसिला जारी



है। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि देवभूमि के मेहनती युवाओं को हर हाल में पूरी पारदर्शिता के साथ रोजगार उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमने महज तीन माह में ही लगभग पांच हजार युवाओं को नर्सिंग अधिकारी, वन आरक्षी, सहायक लेखाकार, डिप्टी जेलर व बंदी रक्षक, ग्राम विकास अधिकारी आदि के पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराया है। ढाई साल की बात की जाए तो रोजगार उपलब्ध कराने का यह आंकड़ा 20 हजार से भी अधिक है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में रोजगार के अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। रोजगार देने का इतना बड़ा अभियान आज तक देश के इतिहास में नहीं चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पदों को भरने की जो पहल हमने की है, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्य, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, डीजीपी श्री अभिनव कुमार, सचिव परिवहन श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, महानिदेशक कृषि व उद्यान डॉ. रणवीर सिंह चौहान, एडीजी श्री अमित सिन्हा, अपर निदेशक उद्यान डॉ. आरके सिंह आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक लाने वाले नौ खिलाड़ी बने वन दरोगा

देहरादून। खेल नीति 2021 के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक लाने वाले खिलाडियों को सीधे नौकरी दिए जाने की व्यवस्था है। जिसके तहत सोमवार को मुख्य सेवक सदन में नौ खिलाड़ियों को वन दरोगा के पद पर नौकरी दी गई। जबकि दो खिलाड़ियों को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बनाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने इन खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए। वन दरोगा के पद पर हल्द्वानी नैनीताल की नव्या पांडे, डिफेंस कालोनी देहरादून की उन्नति शर्मा, रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर के लोकेश शाह, पिथौरागढ़ की शोभा कोहली, रुड़की हरिद्वार के शुभम कुमार, काशीपुर ऊधमसिंह नगर के हिमांशु तिवारी, रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर की खुशबू यादव, मल्ली नाली अल्मोड़ा के मंगल सिंह, जखोली रुद्रप्रयाग के आशीष सिंह को नियुक्ति दी गई। जबकि रानीखेत अल्मोड़ा की मनीषा बिष्ट, पाण्डेयखोला अल्मोड़ा के ध्रुव रावत, द्वाराहाट अल्मोड़ा के दिवाकर



पुजारी, खुडबुड़ा देहरादून के हर्षित शर्मा एवं पौड़ी गढ़वाल के अंकित कुमार को वन आरक्षी के पद पर नौकरी दी गई। खेलों में पदक लाने पर पिथौरागढ़ के मान सिंह को खेल विभाग में उप खेल अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। जबकि द्वाराहाट जिला अल्मोड़ा की शुभांगिनी शाह को सहायक प्रशिक्षक खेल बनाया गया है। डिफेंस कालोनी देहरादून निवासी खिलाड़ी प्रदीप रावत और तपोवन इनक्लेव देहरादून निवासी सविता गुंरुग को युवा कल्याण विभाग में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली। रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर के निखिल भारती और चोबटाखाल पौड़ी के सचिन सिंह रावत को व्यायाम प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई है। इसके अलावा मो. सोहेल, कार्तिक राणा, ईशु भारती, अभिषेक वर्मा, गायत्री नेगी, नितेश सिंह व शशांक क्षेत्री को गृह विभाग में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया है।

## वन विभाग में अपर प्रमुख वन संरक्षक सहित 23 वन अधिकारियों के तबादले

देहरादून। वन विभाग में अपर प्रमुख वन संरक्षक विवेक पाण्डे सहित कई डीएफओ को इधर से उधर कर दिया गया है। कुल 23 अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। शासन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। वन अनुसंधान प्रबंधन एवं प्रशिक्षण हल्द्वानी विवेक पाण्डे का तबादला अपर प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव के पद पर किया गया है। मुख्य वन संरक्षक निशांत वर्मा से वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन को हटाते हुए उन्हें प्रभारी नियोजन एवं वित्तीय प्रबंधन बनाया गया है। जबकि प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग नीतीशमणि को पदोन्नति के बाद वन संरक्षक वन प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी के पद पर नई तैनाती दी गई है। वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी दीप चंद्र आर्य वन संरक्षक हल्द्वानी, वन संरक्षक पौड़ी गढ़वाल पंकज कुमार को वन संरक्षक नंदा देवी बायोस्फियर, वन संरक्षक आकाश वर्मा का वन संरक्षक पौड़ी गढ़वाल के पद पर तबादला किया गया है। वन संरक्षक यमुना वृत्त डा.विनय भार्गव का वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी, वन संरक्षक मयंक शेखर झा का क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तराखंड




वन विकास निगम, वन संरक्षक कोको रोसे का उत्तरी कुमाऊं वृत्त, वन संरक्षक कहकशां नसीम का यमुना वृत्त, उप वन संरक्षक नीरज कुमार को डीएफओ देहरादून, उप वन संरक्षक वैभव कुमार सिंह का डीएफओ हरिद्वार, उप वन संरक्षक अमित कंवर को डीएफओ मसूरी, उप वन संरक्षक जीवन मोहन दगाड़े का डीएफओ नरेंद्रनगर, उप वन संरक्षक आशुतोश सिंह का डीएफओ पिथौरागढ़, उप वन संरक्षक हिमांशु बागड़ी का डीएफओ तराई पूर्वी हल्द्वानी, उप वन संरक्षक अभिमन्यु का डीएफओ चकराता एवं उप वन निदेशक गोविंद वन्य जीव पशु विहार, उप वन संरक्षक कल्याणी का प्रमुख वन संरक्षक कार्यालय से डीएफओ रुद्रप्रयाग, उप वन संरक्षक महातिम यादव का उप निदेशक राजाजी नेशनल पार्क, उप वन संरक्षक कुंदन कुमार को उप वन संरक्षक अनुसंधान हल्द्वानी, उप वन संरक्षक डा.अभिलाषा सिंह का उप निदेशक उत्तराखंड वन प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी एवं सहायक वन संरक्षक उमेश चंद्र तिवारी का डीएफओ तराई केंद्र वन प्रभाग हल्द्वानी के पद पर तबादला किया गया है।

# सैकड़ों समर्थकों के साथ लवली भाजपा में शामिल

## गदरपुर में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के साथ विधायक पांडे ने मारा शतक, सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ लवली हुड़िया को भाजपा में कराया शामिल

गदरपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्दे आज यहां गल्ला मंडी में भाजपा का गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ के साथ ही भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डे ने शतक लगाया है। उन्होंने इस मौके पर समाजसेवी लवली हुड़ियां और उनके सैकड़ों समर्थकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। आज कार्यालय के उद्घाटन समारोह में गुलरभोज नगर पंचायत की निर्वतमान अध्यक्षा अनिता दुबे व तरुण दुबे के साथ क्षेत्रीय विधायक अरविंद पाण्डेय, वरिष्ठ समाजसेवी लवली हुड़िया तथा कार्यकर्ताओं ने आयोजित हवन यज्ञ में प्रतिभाग कर हवन कुंड आहुतियां अर्पित की। तत्पश्चात विधायक श्री पाण्डेय ने कार्यालय का फीता कटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लवली हुड़िया ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों साथियों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। श्री हुड़िया तथा उनके साथियों का विधायक अरविंद पाण्डेय व अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। गौरतलब हो कि श्री हुड़िया ने गत विधनसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र पाल सिंह पाटू को चुनाव लड़ाया था। श्री हुड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्पूर्ण देश में जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से वह खासे प्रभावित हैं। सभी योजनाओं



का पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए भी हर संभव कोशिश की जा रही है। ऐसा पूर्व कभी भी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए वह साथियों के साथ दिन रात पूरी मेहनत करेंगे। विधायक श्री पाण्डेय ने कहा कि श्री हुड़िया तथा उनके साथियों के पार्टी में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा श्री हुड़िया व उनके साथियों का संगठन में हमेशा पूरा सम्मान किया जायेगा। इस दौरान तिलक गंभीर, तीनो मंडल अध्यक्ष अनादि मंडल, सुरेश खुराना, महेंद्र कालरा, हिमांशु सरकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा सीमा सरकार, रोहित सुदामा, सचिन बत्रा, मुनि भूसरी, अंजू भुड्डी, रूबी कंबोज, मंडल अध्यक्षा ज्योति, पूनम ग्रोवर, सीमा चौधरी, सुदेश परुथी, पंकज सेतिया, राजू कंबोज, डिम्पल आहुजा, विशाल रस्तोगी, गौरव मदान, राहुल (जुगनु), अंकित मुन्जाल, सुखदेव ढींगरा, बल्देव ढींगरा, बासु ढींगरा, कन्हैया ढींगरा, रोहित पोपली, रजत हुड़िया, रोबिन फुटेला, अमन ठुकराल, धीरज गुलाटी, रवि गाबा, साजन प्रीत, परविंदर सिंह, अशोक गंडा, राजू छाबड़ा, देसराज, धीरज गंडा, पवन, वेद प्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, शेखर, ब्रिजेश गुप्ता, नरेश अरोरा, सोनू सिंह, अमन बत्रा, शगुन बत्रा, विशाल, शेखर बहुगुणा, आयुष, बबली बिष्ट, टोनी सक्सैना, जीवन कुमार, दीपक कुमार, परमजीत, चिरनजीव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। _Advt















